न्यायालय जिला कलेक्टर, दौसा

पीठासीन अधिकारी :— अविचल चतुर्वेदी
आई0ए0एस0

प्रार्थना पत्र सं0 153/2019

1. जम्बो फिनवेस्ट(इण्डिया) लिमिटेड, रजिस्टर्ड पता 102 कंचन अपार्टमेंट अपोजिट एलबीएस कॉलेज तिलक नगर जयपुर जरिये प्राधिकृत अधिकारी अमित शर्मा

प्रार्थी

बनाम

1. रामकेश मीना पुत्र श्री धनसी राम मीना निवासी 159 बडवाला, अलीपुर तहसील बसवा जिला दौसा।
2. भोलाराम पुत्र श्री सुखराम मीना निवासी मंदरीन मोहल्ला राजगढ जिला अलवर।
3. खेमसिंह पुत्र श्री प्रहलाद सिंह राजपूत निवासी 67 रामगढ तहसील महुआ जिला दौसा।

अप्रार्थीगण

प्रा0 पत्र अ0धा0 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम— 2002 बंधक सम्पत्ति का कब्जा सुपुर्दगी बाबत।

उपस्थिति : श्री प्रमोद कुमार,, अधिवक्ता प्रार्थी।

आदेश दिनांकः 31.7.2019

संक्षिप्त में प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी जम्बो फिनवेस्ट(इण्डिया) लिमिटेड ने अप्रार्थी/ऋणीगण श्री रामकेश मीना पुत्र श्री धनसी राम मीना निवासी 159 बडवाला, अलीपुर तहसील बसवा जिला दौसा व अन्य को 10,00,000/—(रूपये दस लाख) की ऋण सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। ऋण सुविधा उपलब्ध कराते समय ऋणी द्वारा पुनः भुगतान हेतु जमानत प्रतिभूति के रूप में परिसम्पत्ति के रूप में हाईपोथिकेशन किया गया। अप्रार्थी ऋणी द्वारा बैक/कम्पनी का ऋण भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नही करने पर उक्त अधिनियम की धारा 13/2 के अंतर्गत अप्रार्थी ऋणी को रजिस्टर्ड नोटिस जारी किये जाने के बावजूद ऋण राशि मय ब्याज भुगतान नही करने पर प्रार्थी अपने पास बतौर जमानत रहन रखी गयी सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त करने हेतु **The securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act.2002** की धारा 14 के तहत निवेदन किया है।

अधिवक्ता प्रार्थी जम्बो फिनवेस्ट(इण्डिया) लिमिटेड को सुना गया। हमने प्रार्थी जम्बो फिनवेस्ट(इण्डिया) लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया। अप्रार्थीगण ऋणी द्वारा प्रार्थी जम्बो फिनवेस्ट(इण्डिया) लिमिटेड को ऋण भुगतान करने में असफल रहने व समय पर ऋण राशि मय ब्याज अदा नही कर उक्त अधिनियम की धारा 13/2 के अन्तर्गत अप्रार्थी ऋणी को रजिस्टर्ड नोटिस जारी करने पर ऋण राशि का शर्तो के मुताबिक भुगतान नहीं करने पर **The securitisation and reconstruction of financial assets and enforcement of the security interest act.2002** की धारा 14 प्रदत्त शक्तियों के तहत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर बंधक रखी गई सम्पत्ति आवासीय भूमि का पट्टा सं0 20, दिनांक 20.9.2013, क्षेत्रफल 500 वर्गगज ग्राम पंचायत बालाहेड़ा पंचायत समिति बांदीकुई जिला दौसा जो अप्रार्थी रामकेश पुत्र धनसीराम मीना निवासी बडवाला बास अलीपुर के नाम से है जिसमें भूमि, भवन एवं ढांचा आदि जो सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है, का भौतिक रूप से कब्जा प्रार्थी जम्बो फिनवेस्ट(इण्डिया) लिमिटेड को, किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन आदेश प्रभावी नहीं हो तो, नियमानुसार आवश्यक होने पर पर्याप्त पुलिस बल पुलिस अधीक्षक, दौसा से प्राप्त कर कब्जा प्राप्त करने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार हो एवं नम्बर से कम हो। आदेश आज दिनांक 31 जुलाई, 2019 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official